Regarding expedite the work pertaining to construction of road and overbridge

श्रीमती भारती पारधी (बालाघाट) : माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी का ध्यान बालाघाट-सिवनी मार्ग की ओर आकर्षित करना चाहती हूं, जो बालाघाट संसदीय क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण मार्ग है। यह मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग 72 के नाम से जाना जाता है, जिसकी कुल लंबाई 90 किलोमीटर और चौड़ाई मात्र 5.50 मीटर है।

महोदय, इस मार्ग पर यातायात का अत्यधिक दबाव है। संकीर्णता और खस्ताहाल स्थिति के कारण यहां अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं, जिससे न केवल बहुमूल्य जीवन की हानि होती है, बल्कि व्यापारिक गतिविधियों पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। बालाघाट-सिवनी मार्ग केवल स्थानीय आवागमन का साधन नहीं है, बल्कि यह जबलपुर और भोपाल जैसे महत्वपूर्ण शहरों को जोड़ता है। यह मार्ग वर्ष 2016 में राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया गया था। बालाघाट सिवनी मार्ग का एक बड़ा हिस्सा मेरे ही लोक सभा क्षेत्र में कान्हा नेशनल पार्क और पेंच जैसे नेशनल पार्क जीवंत कॉरिडोर का हिस्सा है। वन बाधा की वजह से रोड का काम लंबित है। रोड के साथ कॉरिडोर को भी जीवित रखना बाघों के संरक्षण के लिए जरूरी होगा। इसलिए इस मार्ग में एनएच 44 की तर्ज पर ओवर ब्रिज बनाकर शीघ्र पूर्ण किया जाए। एनएच 44 के खवासा से सिवनी मार्ग पर 29 साउंडप्रूफ ओवर ब्रिज बनाकर मोदी सरकार ने वन्यजीव संरक्षण की जो मिसाल पेश की है, वह पूरे विश्व में अद्‌भुत है।

माननीय सभापति जी, संयोग है कि ये जो 29 ओवरब्रिज हैं, ये मेरी ही लोक सभा में आते हैं, जिसकी लंबाई 500 मीटर से 1.5 किलोमीटर है। मैं आपके माध्यम से यह निवेदन करती हूं कि इस मार्ग पर शीघ्र कार्य किया जाए।